# Hindi Sample Paper - 9

SECTION-IA : **हिन्दी**

1. **''मैंने अपना हस्ताक्षर कर दिया।'' इस त्रुटियुक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य पहचाने–**
   (a) मैंने हस्ताक्षर कर दिया।
   (b) मैंने अपना हस्ताक्षर कर दिए।
   (c) मैंने अपने हस्ताक्षर कर दिए।
   (d) मैंने हस्ताक्षर कर दिए।
2. **"राजा ने चोर को मृत्युदंड की सजा दी" वाक्य में क्या त्रुटि है?**
   (a) राजा ने (b) मृत्यु दंड
   (c) चोर को (d) सजा दी
3. **"चंद्रमा-सी अलौकिकता वाले घनश्याम, तुम्हें मेरा प्रणाम" प्रस्तुत पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?**
   (a) अनुप्रेक्षा (b) उपमेय
   (c) रूपक (d) उपमा
4. **जनगणना, 2001 के हिसाब से भारत में निम्नलिखित भाषाओं में से सबसे अधिक कौन-सी भाषा बोली जाती है?**
   (a) गुजराती (b) मराठी
   (c) बंगाली (d) तमिल
5. **''सीय राममय सब जग जानी। करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी॥'' यह रचना गोस्वामी तुलसीदास की किस कृति से हैं?**
   (a) जानकी मंगल (b) दोहावली
   (c) गीतावली (d) रामचरितमानस
6. **केवल, अनुमानतः, सर्वथा ..... यह किस विशेषण के प्रकार हैं?**
   (a) रीतिवाचक
   (b) परिमाणवाचक
   (c) स्थानवाचक
   (d) कालवाचक
7. **''अगर तुमने यह ........ बोला था, तो किसने बोला था?'' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर, रिक्त स्थान भरें?**
   (a) क्यों (b) नहीं
   (c) ही (d) भी
8. **'अथ' का विरुद्धार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?**
   (a) इति (b) प्रारंभ
   (c) पथ (d) जथ
9. **''मेरे से पढ़ा नहीं जाता।'' इस त्रुटियुक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य पहचानें–**
   (a) मुझे पढ़ा नहीं जाएगा।
   (b) मेरे को पढ़ा नहीं जाएगा।
   (c) मैंने पढ़ा नहीं जा रहा।
   (d) मुझसे पढ़ा नहीं जाता।
10. **''औंधी खोपड़ी, उलटा ....।'' सही विकल्प का चयन करके लोकोक्ति को पूर्ण कीजिए–**
    (a) सर (b) खत
    (c) मत (d) गम
11. **'घर' का पर्यायवाची शब्द निम्न में से कौन-सा है?**
    (a) अनल (b) वात
    (c) उरग (d) आलय
12. **''हम सब ........ एक दूसरे ........ मदद करनी चाहिए।'' दिए गए विकल्पों में से रिक्त स्थानों को सही विकल्पों का चयन कर वाक्य पूर्ण कीजिए–**
    (a) को, की (b) को, का
    (c) की, के (d) की, की
13. **''वह आये तो मैं जाऊँ'', प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा काल है?**
    (a) हेतुहेतुमद भविष्य काल
    (b) भूतकाल
    (c) संभाव्य भविष्य काल
    (d) सामान्य भविष्य काल
14. **''हार ........ मानूंगा, रार नहीं ........।'' दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन कर, अटल बिहारी वाजपेयी की इन पंक्तियों को पूरा करें–**
    (a) नहीं, ठानूंगा। (b) नहीं, चाहूंगा।
    (c) तो, कहूंगा। (d) ही, जानूंगा।
15. **साहित्य अकादमी पुरस्कार का प्रारंभ कब से हुआ?**
    (a) 1947 (b) 1950
    (c) 1954 (d) 1960
16. **''सागर-सा गंभीर हृदय हो, गिरि-सा ऊँचा हो जिसका मन'' प्रस्तुत पंक्ति में साधारण धर्म कौन-सा है?**
    (a) गंभीर और ऊँचा
    (b) सागर और गिरि
    (c) मन
    (d) हृदय
17. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'चंद्रमा' का पर्यायवाची नहीं हैं?**
    (a) शशि (b) सूत
    (c) चाँद (d) विधु
18. **वचन किसके लिए प्रयोग किए जाते हैं?**
    (a) अलंकार (b) विशेषण
    (c) संज्ञा (d) सर्वनाम

**निर्देश- ( 19 से 21 ) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए तथा संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

भारत में हमेशा शिक्षा को महत्ता दी जाती है, और यहाँ की शिक्षा व्यवस्था प्राचीन काल से ही वैदिक शिक्षा पद्धति पर चलती रही है। भारत की शिक्षा व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य केवल ज्ञान बढ़ाना नहीं था, बल्कि ऐसे जीवन की व्यवस्था करना था, जिसमें स्वयं के बारे में संपूर्ण शिक्षा दी जाती थी। गुरुकुल व्यवस्था में गुरु और शिष्य व्यवस्था के अंतर्गत शिष्य एक व्यवस्थित अनुशासन के अंतर्गत अपने जीवन के उद्देश्यों के हिसाब से पढ़ते थे।

दुनिया का पहला विश्वविद्यालय भी सन् 700 बी.सी. में तक्षशिला में बनाया गया था। नालंदा या नालंदा महावीर विश्वविद्यालय ईसा पूर्व चौथी सदी में स्थापित किया गया और यह अपने समय का बहुचर्चित एवं विश्व के महानतम् विश्वविद्यालय में एक था। अपने समय में नालंदा विश्वविद्यालय में लगभग 10000 विद्यार्थी तथा 2000 शिक्षक हुआ करते थे और नालंदा विश्वविद्यालय में भौतिकी, दर्शनशास्त्र, सांख्यशास्त्र, योगशास्त्र, वेद साथ ही बौद्ध धर्म शास्त्र और विदेश नीतियां पढ़ाई जाती थी। नालंदा विश्वविद्यालय चीन, इंडोनेशिया, कोरिया, जापान, पेरिस, टर्की और विश्व के अलग अलग देशों के विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र था, जो भारत की राष्ट्रीय प्रगति में सहायक हुआ।

भारत के विद्वानों जैसे चरक और सुश्रुत, भास्कराचार्य, चाणक्य, पतंजलि और वात्स्यायन और कई सारे विद्वानों ने इस दुनिया को गणित, खगोल विद्या, भौतिक, रसायन शास्त्र, चिकित्सा शास्त्र, कला, यांत्रिकी और निर्माण तकनीकी, निर्माण यांत्रिकी और वास्तुकला, पोत निर्माण और जल पर्यटन, खेल और खेलने के तरीकों में अपना सहयोग दिया है। आजादी के समय गोखले, राममोहन राय, पंडित मदन मोहन मालवीय और

गाँधीजी ने देश के लोगों की उचित शिक्षा हेतु बहुत काम किए हैं।

आजादी के बाद से ही शिक्षा व्यवस्था सुधार हमेशा से ही राष्ट्र की प्राथमिकता रही है। इन व्यवस्थाओं में सुधार के लिए, उनके नीति नियमों को बनाने के लिए, समय-समय पर अलग-अलग सरकारों द्वारा विभिन्न आयोगों की स्थापना भी की गई है, जिनमें से कुछ हैं: विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948-49), माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952-66), शिक्षा आयोग (1964-66) और राष्ट्रीय शिक्षा आयोग - प्रथम और द्वितीय (1983-85)।

19. **भारतीय शिक्षा व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य क्या था?**
(a) वैदिक शिक्षा
(b) जीवन की व्यवस्था
(c) अनुशासन
(d) यांत्रिकी एवं वास्तुकला को बढ़ाना

20. **चरक और सुश्रुत ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था में अपना योगदान किस क्षेत्र में दिया?**
(a) गणित (b) भौतिकी
(c) वास्तुकला (d) चिकित्सा विज्ञान

21. **भारतीय शिक्षा पद्धति निम्न में से किस परंपरा से आरंभ होती है?**
(a) एक गुरु शिष्य परंपरा
(b) राष्ट्र हित शिक्षा परंपरा
(c) गुरुकुल परंपरा
(d) आध्यात्मिक शिक्षा परंपरा

22. **''देख दशा रघुवीर की, वृक्ष फूट-फूट कर रोये'' इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?**
(a) अंगज अलंकार
(b) मानवीकरण अलंकार
(c) प्रतीप अलंकार
(d) शब्दालंकार

23. **''नाक का मोती अधर की कान्ति से, बीज दाडिम का समझकर भ्रांति से। देखकर सहसा हुआ शुक मौन है। सोचता है अन्य शुक यह कौन है?'' इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?**
(a) भ्रांतिमान अलंकार
(b) प्रतीप अलंकार
(c) समुच्चय अलंकार
(d) एकावली अलंकार

24. **''ऐरा गैरा, नत्थू खैरा।'' मतलब बताइए–**
(a) कमजोर आदमी
(b) गवार आदमी
(c) मामूली आदमी
(d) होशियार आदमी

25. **'अधम' का विरुद्धार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) नारकी (b) नेक
(c) उत्तम (d) बुरा

26. **''विहान कब आया।'' वाक्य में त्रुटि बताएं–**
(a) काल (b) विराम चिह्न
(c) व्याकरण (d) मात्रा

27. **श्री हरिवंश राय बच्चन जी किस युग के कवि हैं?**
(a) द्विवेदी युग
(b) रीति काल
(c) उत्तर-छायावाद युग
(d) भारतेंदु युग

28. **''राधाकृष्णन ...... स्वाध्याय ......।'' दिए गए विकल्पों में से रिक्त स्थानों को सही विकल्पों का चयन कर वाक्य पूर्ण कीजिए–**
(a) हमेशा, करते हैं।
(b) हमेशा, करता है।
(c) हमेशा, करती हैं।
(d) हमेशा, करते थे।

29. **''एक तो नौकरी गई और पैसों से भरा बैग चोरी हो गया।'' के लिए कौन-सा मुहावरा उपयुक्त होगा?**
(a) खग जाने खग की ही भाषा।
(b) काला अक्षर भैंस बराबर।
(c) कभी घना, कभी मुट्ठी भर चना।
(d) कंगाली में आटा गीला।

30. **दिए गए विकल्पों में से कौन-सा बहुवचन गुण, वर्ग, भाव वाला बहुवचन है।**
(a) सुधिजन
(b) जातियां
(c) आँखें
(d) बहुएं

31. **हिन्दी अकादमी का ''शलाका पुरस्कार'' सबसे पहले किसे दिया गया?**
(a) तुलसीदास जी
(b) रामचंद्र शुक्ल
(c) डॉ. रामविलास शर्मा
(d) श्री विष्णु प्रभाकर

32. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अन्य शब्दों से अलग है?**
(a) वारि (b) तोय
(c) वात (d) सलिल

33. **भुजा का बहुवचन क्या है?**
(a) भुजाओं (b) बहुभुज
(c) भुजा-भुजा (d) भुजाएँ

34. **''माँ सुबह नाश्ता बनाती है।'' इसमें कौन-सा क्रियाविशेषण है?**
(a) कालवाचक
(b) परिमाणवाचक
(c) स्थानवाचक
(d) रीतिवाचक

35. **दिए गए विकल्पों में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग, स्त्रीलिंग दोनों में प्रयुक्त होता है?**
(a) चील (b) विद्वान
(c) चित्रकार (d) खरगोश

36. **हिन्दी की पहली सवाक (बोलती) फिल्म ''आलम आरा'' किस वर्ष में रिलीज हुई थी?**
(a) 1900 (b) 1947
(c) 1931 (d) 1930

37. **''खल की दवा, पीठ की पूजा'' दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रस्तुत मुहावरे का उचित अर्थ दर्शाता है?**
(a) हर बीमारी का एक ही इलाज।
(b) लज्जित होकर बहुत क्रोध करना।
(c) दुष्ट लोग पीटने से ही ठीक रहते हैं।
(d) केवल रूप बदलने से गुण नहीं बदलते।

38. **दिए गए विकल्पों में से कौन-सा पुल्लिंग है?**
(a) विदुषी (b) छात्रा
(c) पड़ोसी (d) शिष्या

39. **''हुए बहुत दिन बुढ़िया एक, चलती थी लाठी को टेक। उसके पास बहुत था माल, जाना था उसको .......'' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर, रिक्त स्थान भरें–**

(a) दूकान (b) ननिहाल
(c) घर (d) ससुराल

40. **प्रतिवर्ष कौन-सा दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है?**
(a) 14 अक्टूबर
(b) 29 दिसंबर
(c) 27 फरवरी
(d) 14 सितंबर

41. **कतर-व्योंत में कौन-सा समास है?**
(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) बहुब्रीहि

42. **भगवद्गीता का सन्धि विच्छेद है-**
(a) भगवद् + गीता
(b) भग + वद् + गीता
(c) भगवत् + गीता
(d) भग + वद्गीता

43. **'बुढ़ापा एक प्रकार का अभिशाप है।' रेखांकित शब्द मे संज्ञा हैं-**
(a) जातिवाचक (b) भाववाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) समूहवाचक

44. **पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?**
(a) तीन (b) दो
(c) चार (d) सात

45. **''मंदिर-मंदुरा'' युग्म का उपयुक्त अर्थ वाला युग्म कौन-सा-होगा?**
(a) पूजाघर - पुजारी
(b) घर - सवारी
(c) गुफा - बड़ी गुफा
(d) देवालय - अश्वशाला

**निर्देश ( प्र. सं. 46-50 ): निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए–**

किसे कहूँ मैं शिक्षा? क्या है शिक्षा का सच? कैसा होता है शिक्षित व्यक्ति और कैसा होता है पढ़ा-लिखा समाज? मेरे गुरु श्री दयालचन्द्र जी सोनी तो पूरी एक काव्यात्मक पुस्तक लिख गए। इस पुस्तक का नाम है, 'हूँ अणिभणियों शिक्षित हूँ'। उनका आशय स्पष्ट है कि हर पढ़ा-लिखा आदमी अनपढ़ है। उन्होंने जब यह पुस्तक लिखी तो साफ कहा कि यह किताब उनके पूरे जीवन की शिक्षा का सार है। तब फिर हमें यह भी मान लेना चाहिए कि हमारा पूरा पढ़ा-लिखा समाज खासा अनपढ़ है, अशिक्षित है। तब फिर बताइए कि शिक्षा को कहाँ खोजें?

कहते हैं कि शिक्षा बालक के जन्म के साथ बालक को मिली प्रतिभा का विकास है। उसकी सोई हुई शक्तियों को जगाने का नाम शिक्षा है। मगर ऐसा तो तब सम्भव है जब हम जान लें कि कौन-कौन सा बालक कौन-कौन सी प्रतिभा के साथ पैदा हुआ है? उसके शरीर में एवं उसके मन-मस्तिष्क में कौन-कौन सी शक्तियाँ सोई हुई हैं?

इसका अर्थ यह हुआ कि जो जो बालक शाला में आया है उसको हम पहले पढ़ें। हर बालक को पढ़-पढ़ कर पहचानें कि वह क्या है? उसकी प्रदत्त प्रतिभा क्या है? और कौन-कौन सी सुषुप्त शक्तियों को लिए हुए वह हमारे सामने उपस्थित हुआ है?

46. **शिक्षा का अर्थ है–**
(a) बच्चों को जानकारी देना
(b) बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान देना
(c) बच्चों को शक्तिशाली बनाना
(d) बच्चों में विद्यमान शक्तियों को प्रस्फुटित करना

47. **यहाँ 'पढ़ा-लिखा' होने से तात्पर्य है–**
(a) शिक्षित होना (b) अशिक्षित होना
(c) साक्षर होना (d) निरक्षर होना

48. **लेखक के अनुसार शिक्षित होना और साक्षर होना–**
(a) दोनों समान हैं।
(b) दोनों में मूलभूत अन्तर होता है।
(c) दोनों पर्यायवाची हैं।
(d) दोनो में थोड़ा-बहुत अन्तर है।

49. **लेखक के अनुसार–**
(a) सभी बच्चे समान रूप से प्रतिभाशाली होते हैं।
(b) बच्चों में अलग-अलग प्रतिभा होती है।
(c) सभी बच्चे शाला जाकर प्रतिभाशाली बन जाते हैं।
(d) सभी बच्चों की शक्तियाँ सुषुप्त अवस्था में ही रहती हैं।

50. **बच्चों को शिक्षा देने के लिए सबसे पहले क्या जरूरी है?**
(a) प्रतिभाओं के विभिन्न रूप जानना
(b) बच्चों को प्रतिभाओं के अनुसार वर्गीकृत करना
(c) बच्चों की समस्त क्षमताओं, प्रतिभाओं को जानने के लिए उन्हें पढ़ना
(d) बच्चों को पढ़ाना

## SECTION-IA : हिन्दी

1. (c)

2. (d) प्रश्न में दिए गए वाक्य में 'दंड' एवं 'सजा' शब्दों का अर्थ समान हैं। अत: यहाँ 'सजा' शब्द का प्रयोग अनुचित है। वाक्य का शुद्ध रूप है ''राजा ने चोर को मृत्युदंड दिया।''

3. (d) ''चंद्रमा-सी अलौकिकता वाले घनश्याम, तुम्हें मेरा प्रणाम'' पंक्ति में उपमा अलंकार है। जिस पंक्ति में उपमेय की तुलना उपमान से की जाती है, वहाँ उपमा अलंकार होता है। प्रस्तुत पंक्ति में उपमेय (घनश्याम) की अलौकिता की तुलना उपमान (चंद्रमा) से की गई है।

4. (c) प्रश्न में दिए गए विकल्पों में जनगणना 2001 के अनुसार सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बंगाली है। इसके पश्चात् क्रमश: मराठी, तमिल और गुजराती का स्थान है। प्रस्तुत विकल्पों में से जनगणना 2011 के अनुसार भी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बंगाली (97,237,669 व्यक्ति) है।

5. (d) प्रस्तुत चौपाई गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित ''रामचरितमानस'' के बालकांड से उद्धृत है।

6. (b) केवल, अनुमानत:, सर्वथा आदि परिमाणवाचक क्रियाविशेषण के प्रकार हैं। जो अविकारी शब्द किसी क्रिया के परिमाण का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

7. (b)

8. (a) 'अथ' का विरुद्धार्थी शब्द 'इति' होता है।

9. (d)

10. (c) प्रश्न में दी गई लोकोक्ति का पूर्णरूप ''औंधी खोपड़ी, उलटा मत'' है। इसका अर्थ ''मूर्ख का विचार उलटा ही होता है।'' है।

11. (d) 'आलय, गृह, भवन, निकेतन, सदन, आगार आदि 'घर' के पर्यायवाची शब्द हैं। अनल 'अग्नि' का और उरग 'सर्प' का पर्यायवाची होता है।

12. (a)

13. (a) ''वह आये तो मैं जाऊँ।'' प्रस्तुत वाक्य में हेतुहेतुमद् भविष्य काल है। जिस काल में एक क्रिया का होना, दूसरी क्रिया के होने पर निर्भर करता है, उसे हेतुहेतुमद भविष्य काल कहते हैं। प्रस्तुत वाक्य व्यक्ति का जाना दूसरे व्यक्ति के आने पर निर्भर करता है।

14. (a) भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रश्नगत पंक्ति में रिक्त स्थानों में क्रमश: 'नहीं' और 'ठानूंगा' का प्रयोग उचित होगा। पूरी पंक्ति इस प्रकार है- ''हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा।''

15. (c) साहित्य अकादमी पुरस्कार का प्रारंभ वर्ष 1954 से हुआ था। वर्ष 2018 के लिए हिन्दी भाषा का साहित्य अकादमी पुरस्कार चित्रा मुद्गल को उनके उपन्यास ''पोस्ट बॉक्स नं. 203-नाला सोपारा'' के लिए प्रदान किया गया।

16. (a) ''सागर सा गंभीर हृदय हो, गिरि-सा ऊँचा हो जिसका मन'' इस पंक्ति में उपमा अलंकार है। प्रस्तुत पंक्ति में 'हृदय' एवं 'मन' उपमेय, 'सागर' तथा 'गिरि' उपमान, 'गंभीर' तथा 'ऊँचा' साधारण धर्म और 'सा' वाचक शब्द है।

17. (b) शशि, चाँद, विधु, राकेश, सुधाकर आदि चंद्रमा के पर्यायवाची हैं।

19. (b) भारतीय शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य ऐसे जीवन की व्यवस्था करना था, जिसमें स्वयं के बारे में संपूर्ण शिक्षा दी जाती थी।

20. (d) चरक और सुश्रुत ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था में अपना योगदान चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में दिया।

21. (c) भारतीय शिक्षा पद्धति गुरुकुल परंपरा से आरंभ होती है।

22. (b) प्रस्तुत पंक्ति में मानवीकरण अलंकार है। जहाँ जड़ पदार्थ को, प्राकृतिक उपादानों को मानवीय रूप दिया जाए, वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है। प्रस्तुत पंक्ति में 'वक्षों का फूट-फूटकर रोना' उनका मानवीकरण करना है।

23. (a) प्रस्तुत पंक्तियों में भ्रांतिमान अलंकार है। जब सादृश्य के कारण उपमेय को भूल से उपमान समझ लिया जाए, तब वहाँ भ्रांतिमान अलंकार होता है।

24. (c) ''ऐरा गैरा, नत्थू खैरा'' मुहावरे का अर्थ 'मामूली आदमी' है।

25. (c) 'अधम' का विरुद्धार्थी शब्द 'उत्तम' है।

26. (b) ''विहान कब आया।'' वाक्य में पूर्ण विराम के स्थान पर प्रश्न वाचक चिन्ह का प्रयोग किया जाना चाहिए था। सही वाक्य इस प्रकार होगा- ''विहान कब आया?''

27. (c) हरिवंश राय बच्चन उत्तर छायावाद युगीन कवि हैं। मधुशाला, निशा-निमंत्रण, मधुकलश, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, नीड़ का निर्माण फिर, दशद्वार से सोपान तक आदि इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

28. (d)

29. (d) ''एक तो नौकरी गई और पैसों से भरा बैग चोरी हो गया'' के लिए उपयुक्त मुहावरा ''कंगाली में आटा गीला होना है'' है।

30. (a) ''सुधिजन'' शब्द गुण, कर्म, भाव वाला बहुवचन है।

31. (c) हिन्दी अकादमी का ''शलाका पुरस्कार'' सर्वप्रथम डॉ. रामविलास शर्मा को वर्ष 1986-87 में दिया गया था। 2018-19 विश्वनाथ त्रिपाठी को शलाका पुरस्कार प्रदान किया गया।

32. (c) वारि, तोय एवं सलिल, जल के समानार्थी है, जबकि वात, वायु का समानार्थी है।

33. (d) 'भुजा' का बहुवचन 'भुजाएँ' है।

34. (a) प्रस्तुत वाक्य में 'सुबह' शब्द कालवाचक क्रियाविशेषण है। समय या काल का बोध कराने वाले शब्द कालवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। जैसे अभी, सदा, प्रतिदिन, आजकल, प्रात:, सायं आदि।

35. (c) 'चित्रकार' शब्द का प्रयोग पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग दोनों में किया जाता है।

36. (c) हिन्दी की पहली बोलती फिल्म ''आलम आरा'' 14 मार्च, 1931 को रिलीज हुई थी।

37. (c) ''खल की दवा, पीठ की पूजा'' लोकोक्ति का अर्थ है- ''दुष्ट लोग पीटने से ही ठीक रहते हैं।''

38. (c) 'पड़ोसी' शब्द पुल्लिंग है, इसका स्त्रीलिंग 'पड़ोसिन' होता है। विदुषी का विद्वान, छात्रा का छात्र तथा शिष्या का शिष्य पुल्लिंग शब्द हैं।

39. (d)

40. (d) प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। 14 सितंबर, 1949 के दिन 'हिन्दी' को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ था।

41. (a)

42. (c) यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। व्यंजन के साथ स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उस व्यंजन में जो रूपान्तरण होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं-भगवद्गीता- भगवत् + गीता।

43. (b) 'बुढ़ापा' भाववाचक संज्ञा है। जिस शब्द से व्यक्तियों या वस्तुओं की पूरी जाति का बोध हो उसे जातिवाचक संज्ञा कहा जाता है। जैसे-लड़का, गाय, घर, शिक्षक, मंत्री। जिस शब्द से एक ही व्यक्ति या वस्तु का बोध हो उसे

व्यक्तिवाचक संज्ञा कहा जाता है। जैसे-राम, गंगा, पटना, रामायण। जिस शब्द से अनेक वस्तुओं या प्राणियों के समूह का बोध हो उसे समूहवाचक संज्ञा कहा जाता है, जैसे-परिवार, संघ, ढेर।

44. (a) वे सर्वनाम जो पुरुषों (पुरुष या स्त्री) के नाम के बदले आते हैं, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं।

1. उत्तम पुरुष-मैं, हम, मैंने, मेरा, हमारा, मुझे, मुझको।

2. मध्यम पुरुष-तुम, तू, तुमने, तुमको, आप, आपको।

3. अन्य पुरुष-वह, वे, ये, उन, उन्हें, उसको, यह।

45. (d) मंदिर का अर्थ है देवालय या पूजाघर। 'मंदुरा' अश्वशाला होता है।

46. (d) शिक्षा से तात्पर्य है बच्चों में विद्यमान शक्तियों को प्रस्फुटित करना।

47. (c) यहाँ पढ़ा-लिखा होने से तात्पर्य है-साक्षर होना।

48. (b) लेखक के अनुसार 'शिक्षित होना और साक्षर होना' दोनों में मूलभूत अन्तर होता है।

49. (b) लेखक के अनुसार, बच्चों में भिन्न-भिन्न प्रतिभाएँ छिपी होती हैं।

50. (c) बच्चों को शिक्षा देने के लिए सर्वप्रथम बच्चों की उन समस्त क्षमताओं एवं प्रतिभाओं को जानने के लिए उन्हें पढ़ना आवश्यक है कि कौन कैसा है?